प्रतिवेदन

दिनांक 04 जनवरी 2024 को वाणिज्य विभाग, शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला ऑनलाइन बैंकिंग विषय पर आयोजित की गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जे के संत ने की कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री देवेश गुप्ता-प्रबंधक एक्सिस बैंक, श्री करन राठौर- सेल्स एग्जीक्यूटिव एक्सिस बैंक एवं श्री ज्ञान प्रकाश पाण्डेय- सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे. कार्यक्रम के संयोजक डॉ देवेन्द्र सिंह बागरी एवं सह- संयोजक शाहबाज़ खान रहे.

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 11.30 बजे हुआ एवं संचालन वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ देवेन्द्र सिंह बागरी ने किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जे के संत ने अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया.

प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में श्री देवेश गुप्ता-प्रबंधक एक्सिस बैंक, अनूपपुर रहे जिन्होंने ऑनलाइन बैंकिंग प्रणाली की विशेषताओं, गुण-दोष एवं ऑनलाइन खाता खोलने की प्रक्रिया के बारे में समझाया.

द्वितीय सत्र के वक्ता के रूप में श्री ज्ञान प्रकाश पाण्डेय- सहायक प्राध्यापक, शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया जिन्होंने ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड के कारण, प्रभाव और उनसे बचने के उपायों के बारे में बताया.

तीसरे सत्र में शाहबाज़ खान, सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य विभाग)- शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर ने ई-बैंकिंग सर्विसेज विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया.

चौथे सत्र में डॉ देवेन्द्र सिंह बागरी, सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य विभाग)- शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर ने खातो के प्रकार एवं उनके उपयोगिता तथा ऑनलाइन ऋण लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया



अंत में शाहबाज़ खान ने अतिथियों का आभार प्रस्तुत किया. कार्यशाला का समापन दोपहर 2.30 बजे हुआ. यह कार्यक्रम में शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर एवं एक्सिस बैंक, अनूपपुर के मध्य हुए समझौता-ज्ञापन के अंतर्गत हुआ.

मीडिया कवरेज

प्रकाश मार्ग.com
सच्ची खबरों के मार्ग पर

होम | राज्य | राष्ट्रीय | अन्तर्राष्ट्रीय | खेल | व्यापार | मनोरंजन | टेक्नोलॉजी | धर्म-कर्म | राजनीति | स्वास्थ्य | सं

अनूपपुर: बैंकिंग प्रणाली के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, दी गई ये जानकारी...

Published By Team Prak... — Published On Jan 6, 2024

#बैंकिंग #तुलसी कॉलेज #कार्यशाला

Share 15 0

अनूपपुर। शासकीय तुलसी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा दिनांक 04 /01/ 2024 को ऑनलाइन बैंकिंग प्रणाली पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि देवेश गुप्ता (प्रबंधक, एक्सिस बैंक, ब्रांच अनूपपुर) अध्यक्ष डॉ.जे. के.संत, (प्राचार्य, शासकीय तुलसी महाविद्यालय) के रूप में उपस्थित रहे एवं उन्होंने अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रो. ज्ञान प्रकाश पांडे , प्रो.शाहबाज खान एवम प्रो.देवेंद्र सिंह बागरी ने ऑनलाइन बैंकिंग के विभिन्न पहलुओं को बतलाया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता प्रदान की। यह कार्यशाला शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर तथा एक्सिस बैंक शाखा अनूपपुर के समझौता ज्ञापन के अंतर्गत संपन्न हुई। वही इस प्रणाली के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को बैंकिंग प्रणाली की जानकारी दी गई जिसमें बताया गया कि वर्तमान समय में किस प्रकार से ऑनलाइन बैंकिंग प्रणाली कार्य किया जाता है और उसके लाभ और हानि क्या-क्या है।

लिंक - https://prakashmarg.in/2024/01/06/23565/